सी0आई0डी0 मेघालय एवं गठित जांच टीम से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में श्री सिंह से निदेशालय पत्रांक 6501 दिनांक 18.08.2023 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा यह तर्क दिया गया है कि शिक्षा विभाग, मेघालय के आदेश को WP(C) No. 177/2014 में पारित आदेश द्वारा Quashed and Set aside कर दिया गया है एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी CMJ University के पक्ष में Till Then, stay Order dated 04-09-2017 granted by this court will continue इससे शिक्षा विभाग का आदेश निष्प्रभावी हो गया है एवं विश्वविद्यालय का अस्तित्व अभी तक बरकरार है। साथ ही यह उल्लेख किया गया है कि इनका सत्र जनवरी, 2010 से जनवरी, 2013 तक निर्धारित था।

सी0आई0डी0, मेघालय से प्राप्त सूचना एवं जांच टीम से प्राप्त प्रतिवेदन तथा श्री सिंह से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत यह पाया गया है कि WP(C) No. 177/2014 में पारित आदेश को WA No. 14/2017 में पारित आदेश द्वारा वाद को एक पीठ के पास मेरिट के आधार पर सुनवाई हेतु रिमान्ड किया गया है, जो लंबित है। इससे स्पष्ट है कि विश्वविद्यालय का Dissolution आदेश वर्त्तमान में प्रभावी है। साथ ही इनके द्वारा विश्वविद्यालय का ब्रांच सिलांग का रजिस्ट्रेशन स्लीप संलग्न किया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालय का ब्रांच सिलांग को अवैध माना गया है। ऐसी स्थिति में इनके प्रमाण पत्र को वैध नहीं माना जा सकता है।

अतः Terms of Assignment की कंडिका – 4(vi) में निहित प्रावधान के आलोक में श्री रमेश सिंह, विशेष सर्वेक्षण अमीन का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

Sd/- 15/12/23
**(जय सिंह)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03/02–भू0अ0नि0(जांच प्रतिवेदन)–CMJ–99/2023 9265 **पटना, दिनांक** :– 15/12/2023

**प्रतिलिपि** :– श्री रमेश सिंह, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN00439) पिता–श्री श्रीप्पति सिंह, ग्राम–गर बगुआवा, पोस्ट–सिकटिया, थाना–आजम नगर, जिला–कटिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

Sd/-
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03/02–भू0अ0नि0(जांच प्रतिवेदन)–CMJ–99/2023 9265 **पटना, दिनांक** :– 15/12/2023

**प्रतिलिपि** :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि श्री सिंह से सभी अभिलेख/दस्तावेज तुरन्त प्राप्त करते हुए प्रावधानित नियम के आलोक में कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

Sd/-
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03/02–भू0अ0नि0(जांच प्रतिवेदन)–CMJ–99/2023 9265 **पटना, दिनांक** :– 15/12/2023

**प्रतिलिपि** :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं निदेशालय अंतर्गत R2R में संधारित श्री सिंह की व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Sd/- 15/12/23
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप